पंजाब केसरी 16/10/2025

# यूथ फैस्टिवल, युवा जोश व सांस्कृतिक उत्सव का संगम

## छात्र-छात्राओं ने दिखाई अद्भुत प्रतिभा, तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा कालेज परिसर

अम्बाला शहर, 15 अक्तूबर (मुकेश): एस.ए.जैन कॉलेज में आयोजित 48वें जोनल यूथ फैस्टिवल का दूसरा दिन युवा ऊर्जा और उत्साह से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत, नाटक और लोककला के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिससे उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने हरियाणा की समृद्ध संस्कृति की झलक पेश की और पूरे कॉलेज परिसर में तालियों की गूंज गूंज उठी। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित और नवकार मंत्र के साथ हुई।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर भाजपा नेता रितेश गोयल व विशिष्ट अतिथि के तौर पर महेश कुमार जैन (लुधियाना) ने शिरकत की। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य, स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

इस मौके पर विद्यार्थियों ने उत्साह और जोश के साथ फेस्टिवल में भाग लिया। जिससे कार्यक्रम की सफलता और भव्यता बढ़ी। मुख्य अतिथि ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा ही देश की असली ताकत हैं और राष्ट्र की प्रगति में उनका योगदान अहम है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे सोशल मीडिया या भ्रमित करने वाली चीजों में समय न गवाएं, बल्कि अपने लक्ष्य और जीवन के उद्देश्य पर ध्यान दें।

रितेश गोयल ने कहा कि हर युवा के भीतर अपार क्षमता है, बस जरूरत है उसे सही दिशा देने की। मेहनत करें, अपने लक्ष्य को पहचानें और कभी हार न मानें। सफलता उन्हीं के कदम चूमती है जो लगातार प्रयास करते रहते हैं। कार्यक्रम के दौरान रितेश गोयल ने पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार और पूर्व मंत्री असीम गोयल के निर्देशानुसार कॉलेज के विकास के लिए 7 लाख रुपये की राशि देने की भी घोषणा की। इस राशि से छात्रों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित की जाएंगी और कॉलेज को आधुनिक रूप दिया जाएगा।

घोषणा के बाद कॉलेज प्रशासन और विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सूर्यकांत जैन, सचिव हितेश जैन, सह सचिव राजीव जैन, वित्त सचिव अमन जैन, कॉलेज प्राचार्य सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।








प्रस्तुतियां देते छात्र-छात्राएं। (संजय)

» सोलो डांस हरियाणवी (मेल) प्रथम एस.डी. कॉलेज और द्वितीय एस.ए.जैन कॉलेज।

» रसिया हरियाणवी ग्रुप डांस प्रथम एस.ए.जैन कॉलेज, अंबाला शहर और द्वितीय एस.डी. कॉलेज, अंबाला कैंट।

» संस्कृत ड्रामा प्रथम एस.ए.जैन कॉलेज, अंबाला शहर और द्वितीय जी.एम.एन. कॉलेज, अंबाला कैंट।

» रिचूयल प्रथम गवर्नमेंट कॉलेज, अंबाला कैंट और द्वितीय जी.एम.एन. कॉलेज, अंबाला कैंट।

» डिबेट इंग्लिश (पक्ष) प्रथम एस.डी. कॉलेज, अंबाला कैंट और द्वितीय गवर्नमेंट कॉलेज, अंबाला कैंट।

» डिबेट इंग्लिश (विपक्ष) प्रथम एस.डी. कॉलेज, अंबाला कैंट और द्वितीय एस.ए.जैन कॉलेज, अंबाला शहर।

» कोलाज प्रथम एस. डी. कॉलेज, अंबाला कैंट और द्वितीय एस.ए.जैन कॉलेज, अंबाला शहर।

» क्ले मॉडलिंग प्रथम गवर्नमेंट कॉलेज, अंबाला कैंट और द्वितीय एस. डी. कॉलेज, अंबाला कैंट।

» कार्टूनिंग प्रथम गवर्नमेंट कॉलेज, अंबाला कैंट और द्वितीय गवर्नमेंट कॉलेज, सेक्टर-1, पंचकूला।

जी.एम.एन. कॉलेज, अंबाला कैंट और द्वितीय गवर्नमेंट कॉलेज, सेक्टर-1, पंचकूला।

» क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो में प्रथम जी.एम.एन. कॉलेज, अंबाला कैंट और द्वितीय एस. डी. कॉलेज, अंबाला कैंट।

» क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो में प्रथम एस. डी. कॉलेज, अंबाला कैंट और द्वितीय गवर्नमेंट कॉलेज, कालका।

» लाइट स्वर इंडियन प्रथम जी.एम.एन. कॉलेज, अंबाला कैंट और द्वितीय एस. डी. कॉलेज, अंबाला कैंट।

» ग्रुप सॉन्ग इंडियन प्रथम एस. डी. कॉलेज, अंबाला कैंट और द्वितीय एस.ए.जैन कॉलेज, अंबाला शहर।

» फोक इंस्ट्रूमेंट हरियाणवी सोलो प्रथम जी.एम.एन. कॉलेज, अंबाला कैंट और द्वितीय एम.पी.एन कॉलेज, मुलाना।

» ग्रुप सॉन्ग हरियाणवी प्रथम गवर्नमेंट कॉलेज, कालका और द्वितीय एस. डी. कॉलेज, अंबाला कैंट।

» आर्केस्ट्रा हरियाणवी प्रथम गवर्नमेंट कॉलेज, नारायणगढ़ और द्वितीय एस.डी. कॉलेज, अंबाला कैंट।